Rashtriya Sahara, Lucknow, Nov 9 2008

टीसीएस की आईटी विज में एलपीएस प्रथम

लखनऊ, 8 नवम्बर (एसएनबी)। देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी सर्विस प्रदाता कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित आईटी विज में लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर आई के उत्कर्ष मिश्र और आकाश तिवारी ने पहला स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर देहरादून के समर वैली स्कूल के दुष्यंत ध्यान और प्रतीक बंसल रहे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा के प्रमुख सचिव अरुण कुमार मिश्र और यूपी टेक्नीकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. प्रेमव्रत ने प्रदान किये। राजधानी के रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में लखनऊ, देहरादून, नैनीताल, कानपुर, फैजाबाद, गोरखपुर और वाराणसी के विद्यालयों के लगभग 1200 छात्रों ने भाग लिया। आईटी विषय से संबंधित क्विज का संचालन क्विज मास्टर गिरि बालासुब्रमनियम ने किया।

टीसीएस आईटी विज के बारे में जानकारी देते हुए कंपनी के जयंत कृष्णा ने बताया कि देश में प्रौद्योगिकी क्विज के महत्वपूर्ण दस वर्षों के योगदान को देखते हुए टीसीएस के सीईओ और प्रबंध निदेशक एस. रामादोरई ने आज एक नयी वेबसाइट www.tcsitwiz.com का भी उद्‌घाटन किया।

श्री कृष्णा ने बताया कि यह प्रतियोगिता देश के 12 शहरों में आयोजित की गयी। 8 अगस्त को शुरू हुई इस प्रतियोगिता का समापन आज लखनऊ में हुआ। यह प्रतियोगिता कक्षा आठ से इंटर तक के छात्रों के लिए थी। इसमें लगभग 20000 छात्रों ने भाग लिया।

रवीन्द्रालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी छात्र। फोटो : एसएनबी